प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- देशभर के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में आज एक साथ मॉक ड्रिल–प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित 28 शहरों में इसका आयोजन।
- भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में आतंकी ढांचों पर प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की।
- वायुसेना आज से राजस्थान में पाकिस्तान से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास दो दिन का विशाल सैन्य अभ्यास शुरू कर रही है।
- प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर लगातार जारी –आगामी 5–6 दिन यही स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान।

.....................

देशभर के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में आज एक साथ मॉक ड्रिल की जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गृह मंत्रालय ने व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल करने का फैसला लिया है। इस ड्रिल का उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी हमले की स्थिति में नागरिकों को तैयार करना है। मॉकड्रिल में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल होंगी। सायरन बजाकर लोगों को चेतावनी दी जाएगी। इसके साथ ही ब्लैक आउट की भी व्यवस्था होगी, जिसमें शहरों और इमारतों की लाइट बंद की जाएंगी। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने इसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए कल राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। इधर, प्रदेश में ये सिविल डिफेंस ड्रिल राजधानी जयपुर समेत 28 शहरों में की जाएगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुजरात के केवडिया से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मॉक ड्रिल की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाईड लाईन के अनुसार समन्वय बनाते हुए मॉकड्रिल को करवाने के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आला अधिकारियों की बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। विभिन्न जिलों में मॉक ड्रिल को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोटा जिला कलेक्टर रविन्द्र गोस्वामी ने आमजन से किसी भी परिस्थिति में नहीं घबराने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

.....................

इस बीच प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेन्सियां हाईअलर्ट पर है। अंतर्राष्ट्रीय सरहद पर चौकसी बढा दी गई है। बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां बीएसएफ की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

.....................

भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में मध्य रात्रि को आतंकी ढांचों पर प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की। जिन ठिकानों पर सशस्त्र बलों ने हमला किया है, उन्हीं ठिकानों से भारत के विरूद्ध आतंकी हमलों के निर्देश दिए गए और योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की रातभर लगातर निगरानी की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने कहा कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य केन्द्र को निशाना नहीं बनाया गया। भारत ने लक्ष्यों के चुनाव और कार्रवाई की पद्धति में काफी संयम का प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के परिदृश्य में की गई है। इधर भारतीय सशस्त्र बलों के हवाई हमलों के बाद देश के उत्तरी भाग में कई हवाई अड्डों को वाणिज्यिक संचालन के लिए बंद कर दिया गया है। एयर इंडिया सहित विभिन्न विमान कंपनियों अपनी उडाने रद्द कर दी है। एयर इंडिया ने जोधपुर, जम्मू, श्रीनगर, लेह, अमृतसर और भुज सहित अपनी उडानें आज दोपहर 12 बजे तक के लिए रद्द कर दी हैं। इधर भारतीय वायुसेना आज से राजस्थान में पाकिस्तान से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास दो दिन का विशाल सैन्य अभ्यास शुरू

करेगी। वायुसेना के अनुसार यह पूर्व नियोजित प्रशिक्षण अभ्यास है जिसमें राफेल, सुखोई–30 और जगुआर जैसे अग्रिम पंक्ति के लडाकू विमान भाग लेंगे।

भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण की ओर से वायुकर्मियों को जारी की गई सूचना के अनुसार यह अभ्यास आज दिन में साढे तीन बजे शुरू होगा और कल रात 9 बजकर तीस मिनट तक चलेगा। इस दौरान प्रभावित इलाकों में वायु क्षेत्र प्रतिबंधित रहेगा।

....................

प्रदेश में पीएम–कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा उत्पादन 1 हजार मेगावाट से अधिक हो गया है। ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रदेश में 1 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली सुलभ होने लगी है। पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट–ए और कम्पोनेंट–सी के तहत ही 560 ग्रिड कनेक्टेड विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली दी जा रही है। वहीं इस योजना के कम्पोनेंट–बी में लगभग 1 लाख किसानों के कृषि पम्पों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है। कम्पोनेंट–बी का क्रियान्वयन उद्यानिकी विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 39 हजार से अधिक सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र लगाये जा चुके है।

....................

राष्ट्र आज विश्वविख्यात कवि, गीतकार, साहित्यकार और महान विचारक गुरुदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें याद कर रहा है। रबीन्द्रनाथ टैगोर के साहित्य ने राजस्थानी साहित्यकारों को ना सिर्फ बहुत प्रभावित किया बल्कि वे खुद भी राजस्थानी साहित्य के प्रशंसक थे, पेश है एक रिपोर्ट–

.....

....................

राजसमंद के भीम में थानेटा गांव के पास कल शाम एक सड़क दुर्घटना में 4 बच्चों सहित 5 लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हो गये। इनमें से 9 की हालत गंभीर होने पर उन्हें ब्यावर के होस्पिटल रेफर किया गया। ये हादसा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन के बेकाबू होकर खाई में पलट जाने से हुआ। भीम पुलिस थाना अधिकारी के अनुसार ये सभी लोग एक ही परिवार के थे और पाली के बोरीमादा गांव से दर्रा गांव में एक विवाह कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे।

....................

प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर लगातार जारी है। कल सीकर, उदयपुर और बाड़मेर सहित करीब आधा दर्जन स्थानों पर आंधी के साथ बारिश हुई। सबसे ज्यादा 15 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश डबोक में दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में आज कई स्थानों पर तेज आंधी चलने और बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका है। बारिश का दौर प्रदेश में आगामी 5–6 दिन और बना रह सकता है। इस बीच पिछले 24 घंटों के दौरान 36 दशमलव 4 डिग्री के साथ बाडमेर और जैसलमेर सबसे गर्म स्थान रहे।

....................